हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ....................

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभागः शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं0 402/Acad./24thAC/2025-26

दिनांकः 29.07.2025

FTS. No.: ....................

**मा0 कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 24वीं बैठक दिनांक जुलाई 28, 2025 को ऑफलाइन / ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त का अवलोकन करते हुये अनुमोदन प्रदान करने की कृपा करें।

28/07/2025
Prof. Lalit Kumar Singh
Dean of Academic Affairs
HBTU, Kanpur

Already Approved on whatsapp
On 29. 7. 2025.

31/7/25
कुलपति
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

DCAA.

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक जुलाई 28, 2025 दिन सोमवार को अपरान्ह 03:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 24वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 24वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 अरूण मोहन शेरी, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अनुराग त्रिपाठी, अधिष्ठाता, यू0जी0, आक0प्रा0वि, लखनऊ, प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योंशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संजीव कुमार, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 आशीष कपूर, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | डा0 राधा सचान, कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 विवेक कुमार, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | प्रो0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 सी0के0 तिवारी, कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 राशी अग्रवाल, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 32. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड जैविक विज्ञान एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य—सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गयाः

1. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रकिया जारी है। एम0बी0ए0 और बी0बी0ए0, एम0एस0सी0 भौतिकी, रसायन एवं गणित में प्रवेश हेतु प्रथम चरण पूरा कर लिया गया है। एम0एस0सी0 बायोकेमिस्ट्री एवं बायोटेक्नोलॉजी की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में 03 चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है तथा 04 चरण में नवीन पंजीकरण प्रक्रियाधीन है जिसके पश्चात् आवश्यकता अनुरूप स्पॉट काउन्सिलिंग की जायेगी। सभी प्रवेश दिनांक 15/08/2025 तक सम्पन्न करने के उपरान्त नवप्रवेशितों की कक्षायें दिनांक 18/08/2025 से प्रारम्भ हो जायेंगी।

2. विश्वविद्यालय द्वारा एम0टेक0 स्ट्रक्चर, एम0एस0सी0 बायोकेमिस्ट्री एवं एम0एस0सी0 बायोटेक्नोलॉजी के नये पाठ्यक्रमों को वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किया गया है।

3. प्रथम वर्ष को छोड कर अन्य वर्षों के छात्रों हेतु नवीन शैक्षिक सत्र 2025–26 का प्रारम्भ दिनांक 21/07/2025 से हो चुका है।

4. पूर्व से प्रत्यायनित विधाओं का प्रत्यायन समाप्त होने के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 05 विधाओं (CS, ME, ET, FT, PL) को एन0बी0ए0 से पुनः प्रत्यायनित कराये जाने हेतु SAR जमा कर दिये गये हैं और प्रत्यायन समिति की विजिट तिथि शीघ्र ही निर्धारित होना सम्भावित है।

5. शैक्षिक सत्र 2024–25 में अन्तिम वर्ष के छात्रों की सेवायोजन गतिविधियॉ जारी हैं, अद्यतन 150 कम्पनियों द्वारा दिये गये 703 आफर्स में से 625 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है, जो विश्वविद्यालय के इतिहास में सर्वाधिक है। नये सत्र हेतु सेवायोजन अगस्त माह से शुरू होगा।

6. विश्वविद्यालय को यू0जी0सी0 द्वारा 12बी के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की जा चुकी है तथा विश्वविद्यालय को ए0आइ0यू0 (Association of Indian Universities) की सदस्यता प्राप्त हो चुकी है।

7. विश्वविद्यालय द्वारा अप्रैल 2025 में सम्पन्न कराये गये साक्षात्कार में चयनित 5 नये नियमित शिक्षकों द्वारा अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की जा चुकी है तथा अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती पूरी की जा रही है।

8. विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर से प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करने हेतु एवं विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को और बौद्धिक सुदृढता प्रदान करने के उद्देश्य से यू0जी0सी0 की संस्था Inflibnet (Information & library network) से समझौता ज्ञापन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा ONOS (One Nation One Subscription) को लागू किया गया है जिससे विश्वविद्यालय को लगभग रू0 1.00 करोड की बचत होगी।

9. विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र श्री दीपक पन्त एवं अन्य द्वारा रू0 1.50 लाख की तथा पूर्व छात्र श्री पी0सी0 चतुर्वेदी (1952 बैच) के पुत्र श्री संजय मिश्र द्वारा अपने पिता के 100वें जन्म दिवस पर रू0 5.00 लाख की धनराशि छात्रों को पठन पाठन में मदद हेतु प्रदान की गई है।

10. विश्वविद्यालय के 1999 बैच द्वारा छात्रों के हितार्थ रू0 8 से 9 लाख लागत की एम्बुलेन्स क्रय कर विश्वविद्यालय को दिये जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

11. विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के मध्य छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु 01 बस का क्रय किया जा चुका है तथा दूसरी बस का क्रय किया जा रहा है जो 30 अगस्त 2025 तक सम्पन्न हो जायेगा।

12. विश्वविद्यालय में वर्षों से पड़े निष्प्रयोज्य सामग्रियों में से कुछ की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा अन्य जिसमें ई–वेस्ट शामिल है, की वैलुएशन की प्रक्रिया चल रही है तथा जल्दी ई–वेस्ट तथा अन्य का नियमानुसार नीलामी की जायेगी। इससे बहुत बडा स्थान छात्रों के प्रयोग या छात्र हित के लिये उपलब्ध होगा।

13. विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को होना सम्भावित है। शीघ्र ही छात्रों की सूची तथा अन्य प्रक्रियायें शुरू की जायेंगी। मुख्य अतिथि के नाम शीघ्र ही मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं।

**मद सं0 24.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 10.03.2025 को सम्पन्न 23वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10.03.2025 को सम्पन्न 23वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 24.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 10.03.2025 को सम्पन्न 23वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 10.03.2025 को सम्पन्न 23वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण से संज्ञानित होते हुये अनमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 24.03** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024–25 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024–25 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार करते हुये सेवायोजन पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 24.04** **विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की परीक्षा समिति की बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की 26वीं बी0ओ0ई0 की सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान करने के साथ ही UFM सम्बन्धी नियमावली की समग्रता के साथ पुनरावलोकन करने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 24.05** **अधिष्ठाता, शोध एवं विकास द्वारा प्रेषित Policy for Academic Integrity and Prevention of Plagiarism प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने अधिष्ठाता, शोध एवं विकास द्वारा प्रेषित Policy for Academic Integrity and Prevention of Plagiarism प्रस्ताव पर सहमति के साथ अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 24.06** **विश्वविद्यालय के समस्त सह आचार्य को 06 शोधार्थी के साथ ही 02 अतिरिक्त शोधार्थी लिये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के समस्त पी0एच0डी0 धारक शिक्षक जिन्हें सह आचार्य पद पर तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त है, उनके द्वारा 06 पी0एच0डी0 शोधार्थियों के साथ ही 02 अतिरिक्त शोधार्थी लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परिषद् ने भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण पर 'Case to case basis' पर अध्यक्ष विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन प्रदान करने हेतु अधिकृत किया।

**मद सं0 24.07** **विश्वविद्यालय में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम के केमिकल इंजी0 विधा में प्रवेश हेतु अर्हता में संशोधन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम के केमिकल इंजी0 विधा में प्रवेश हेतु अर्हता में किये गये संशोधन का संज्ञान लिया।

**मद सं0 24.08** **विश्वविद्यालय के लेदर टेक0 विभाग में संचालित B.Tech. Chemical Technology (Leather Technology) के नाम को B.Tech. Chemical Technology (Leather & Fashion Technology) में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के लेदर टेक0 विभाग में संचालित B.Tech. Chemical Technology (Leather Technology) के नाम को B.Tech. Chemical Technology (Leather & Fashion Technology) में परिवर्तन किये जाने का संज्ञानित होते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 24.09** **विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में अंतःविषय (Interdisciplinary) M.Tech. (Energy and Environment) को बन्द किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में अंतःविषय (Interdisciplinary) M.Tech. (Energy and

पुनर्रचना किये जाने एवं शैक्षिक सत्र 2025–26 के माह दिसम्बर/जनवरी में प्रवेश हेतु पुनः प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 24.10** **विश्वविद्यालय के उद्भवन हब की संरचना हेतु विद्या परिषद् द्वारा 02 वर्ष हेतु संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त न्यूनतम आचार्य स्तर का विभाग/केन्द्र/ईकाई का अध्यक्ष नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के उद्भवन हब की संरचना हेतु विद्या परिषद् द्वारा 02 वर्ष हेतु संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त न्यूनतम आचार्य स्तर का विभाग/केन्द्र/ईकाई का अध्यक्ष नामित किये जाने के सम्बन्ध में प्रो0 जी0एल0 देवनानी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग को नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 24.11** **विश्वविद्यालय में संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में गेट के माध्यम से प्रवेशित शोधार्थियों को अभातशिप द्वारा फेलोशिप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने उपरोक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में निम्नलिखित विभागों को पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु रिसर्च सेन्टर के रूप में मान्यता प्रदान करने पर अनुमोदन प्रदान किया:

| Sr. No. | Research Center / Name of Department |
|---|---|
| 1 | Biochemical Engineering |
| 2 | Chemical Engineering |
| 3 | Chemistry |
| 4 | Civil Engineering |
| 5 | Computer Science & Engineering |
| 6 | Management Studies |
| 7 | Electrical Engineering |
| 8 | Electronics Engineering |
| 9 | Food Technology |
| 10 | Humanities |
| 11 | Leather Technology |
| 12 | Mathematics |
| 13 | Mechanical Engineering |
| 14 | Oil Technology |
| 15 | Paint Technology |
| 16 | Physics |
| 17 | Plastic Technology |

**मद सं0 24.12** **<u>विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह 2025 के कार्यक्रम को सम्पन्न किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षान्त समारोह 2025 के कार्यक्रम को सम्पन्न किये जाने के सम्बन्धी गठित समिति का संज्ञान लिया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

28/7/2025

**(प्रो0 ललित कुमार सिंह)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्